Bareilly, Tuesday, 16 December 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext



**कूच बेहार ट्राफी** एसआरएमएस स्टेडियम में सुबह 8.15 बजे इनॉग्रेशन

# उत्तर प्रदेश व वेस्ट बंगाल के बीच भिड़ंत आज

**क्वार्टर फाइनल में जगह के लिए उप्र को देनी होगी पश्चिम बंगाल को मात**



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (15 Dec):** कूच बेहार ट्राफी के महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल की टीम तैयार है.यूपीसीए के निर्देश पर बीसीए की ओर से आयोजित इस मैच का उद्घाटन भोजीपुरा के एसआरएमएस मैदान में मंगलवार सुबह 8.15 बजे मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी करेंगे.इससे पहले सोमवार को दोनों टीमों ने स्टेडियम में किए अभ्यास के दौरान जमकर पसीना बहाया.पश्चिम बंगाल के साथ मैच खेलने को तैयार उत्तर प्रदेश का पलड़ा भारी नजर आ रहा है.टूर्नामेंट में अब तक उत्तर प्रदेश के पास कुल 19 अंक हैं, जबकि अपना अंतिम लीग मैच खेल रही बंगाल की स्थिति उत्तर प्रदेश के मुकाबले अच्छी नहीं है.ऐसे में यह मैच बंगाल के लिए करो या मरो की स्थिति में है.उत्तर प्रदेश की टीम इस मैच को जीतकर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचना चाहेगी.ऐसे में दोनों टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने मंगलवार को मैदान में उतरेंगी. इस मैच के लिए यूपी की टीम 12 दिसंबर की रात बरेली पहुंच गई थी और इसके खिलाड़ियों ने तीन दिन जमकर अभ्यास किया.बंगाल की टीम 13 दिसंबर की रात बरेली पहुंची और उसे अभ्यास के लिए दो दिन मिले.उत्तर प्रदेश के कोच ध्रुव ने मैच में अपनी टीम की स्थिति को अच्छा बताया.टीम के सभी खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं.बंगाल की टीम ने कोच सौर्याशीष लाहिरी ने मैच को महत्वपूर्ण बताया.कहा कि यह उनका अंतिम लीग मैच है.कोशिश होगी कि सभी खिलाड़ी अच्छा खेलें और मैच जीते.बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना और संरक्षक आदित्य मूर्ति के साथ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को मैच की.

### उत्तर प्रदेश की टीम

भव्य गोयल (कप्तान), आयान अकरम, अनमोल नौशराम, कैफ रहमान, भावी शर्मा, कार्तिकेय सिंह (विकेटकीपर), राहुल, दक्ष चंदेल, के कृष्णा, यश पंवार, रवि सैनी, यशु प्रधान, युवराज, मोहम्मद अर्शमन, शिवांशु सचान.

### पश्चिम बंगाल की टीम

चंद्रहास दाश (कप्तान), आदित्य राय, अत्मजा मंडल, सयन पाल, आशुतोष कुमार, अगस्त्य शुक्ला, अभिप्राय विश्वास (विकेट कीपर), सचिन यादव, रोहित, रोहित कुमार दास, शिवम भारती, कुशल गुप्ता, विराट चौहान, राजदीप पासवान.